cers during visiting hours may meet them at other times with prior appointment.

स्पीड पोस्ट सेवा के लिए अलग निगम

1193. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:
डा० बापू कालदाते :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार स्पीड पोस्ट सेवा के लिए एक अलग निगम बनाने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) वित्तीय वर्ष 1992-93 के दौरान महाराष्ट्र में किन-किन नए स्थानों पर यह सेवा उपलब्ध कराई जाएगी ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) और (ख) स्पीड कारपोरेशन की स्थापना करने पर विचार करने के लिए जो समिति नियुक्त की गई थी, उससे प्राप्त रिपोर्ट की जांच की जा रही है ।

(ग) नए स्थानों में स्पीड पोस्ट सेवा की शुरुआत करना एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है । जब भी किसी स्थान विशेष में स्पीड पोस्ट की शुरुआत करने का प्रस्ताव प्राप्त होता है, तब परिवहन की उपलब्धता तथा कामिर्शियल और मार्केट की व्यवहार्यता को मद्देनजर रखते हुए उसकी जांच की जाती है ।

उरन टेलीफोन केन्द्र का विकास

1194. डा० बापू कालदाते : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उरन टेलीफोन केन्द्र को बम्बई महानगर टेलीफोन में सम्मिलित किये जाने हेतु उसमें आवश्यक उपकरण लगाए गए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो यह संचार प्रणाली कब से कार्य करना प्रारम्भ कर देगी ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) और (ख) महानगर टेलीफोन निगम लि०, बम्बई के अधीन उरन टेलीफोन एक्सचेंज न्यू बम्बई टेलीफोन प्रणाली का एक भाग है । इसकी सज्जित क्षमता 1000 इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज लाइनों की है ।

Waiting list (for telephone connections

1195. DR. BAPU KALDATE: will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether ,Government have decided to provide telephone connections to the registrants within two years from the date of registration;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) by when the connections will be provided to those people who are already on the waiting list; and

(d) whether Government are consider ing to increase the rate of interest on the deposits during the waiting period?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU) : (a) Yes, Sir, during Eighth Plan period.

(b) and (c) 8th Five Year Plan envisages to provide 75 lakh new Telephone connections during the plan period to meet the demand as indicated in para (a). The objectives in this regard are :

— Telephone connection practically on demand in the rural/tribal areas, and small and medium towns.